महाकाल की कर ले पूजा | By Sunny Hari |

महाकाल की कर ले पूजा
देख तुझे क्या मिलता है
दुनिया के कोने-कोने में
मेरे शिव का सिक्का चलता है

शिव के नाम से जैसी भी
संकट हो पल में कट जाए
जो भी जिसके सर पे हो
वो ग़म के बादल छट जाए
महाकाल के नाम से संकट
अपने हाथ को मलता है
दुनिया के कोने-कोने में
मेरे शिव का सिक्का चलता है

तेरा नाम है सबको प्यारा
तू तो औघड़ दानी है
तेरी महिमा अद्भुत भोले
अद्भुत तेरी कहानी है
नहीं है कोई तुझ सा भोले
सारा जहाँ ये कहता है
दुनिया के कोने-कोने में
मेरे शिव का सिक्का चलता है

महाकाल की कर ले पूजा
देख तुझे क्या मिलता है
दुनिया के कोने-कोने में
मेरे शिव का सिक्का चलता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b2-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%aa%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-sunny-hari/